## देश की आजादी के बाद पहली बार खन्ना में लगा सबसे बड़ा और सफल विरासती मेलाः कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत

# झूलों-खेलों से मंत्री सौंद ने ताजा कीं बचपन की यादें

समर न्यूज़ | खन्ना

### दिल तो बच्चा है जी...





खन्ना के दशहरा ग्राउंड में आयोजित पंजाब सखी शक्ति मेला 2026 दिन-प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह मेला केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं, बल्कि पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कला, परंपराओं और महिला सशक्तिकरण की भावना को आगे बढ़ाने का एक बड़ा मंच बन चुका है। मेले की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर दिन हजारों की संख्या में लोग अपने परिवारों के साथ यहां पहुंच रहे हैं और इस रंग-बिरंगे आयोजन का भरपूर आनंद ले रहे हैं।मेले के विशेष अवसर पर खन्ना से विधायक एवं पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद और फाजिल्का से आम आदमी पार्टी के विधायक नरिंदरपाल सिंह सवना भी विशेष रूप से पहुंचे। दोनों नेताओं ने मेले में लगे विभिन्न स्टॉल, झूले और मनोरंजन गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा आम लोगों से मुलाकात कर मेले की रौनक का अनुभव लिया।कैबिनेट मंत्री सौंद ने मेले में लगे झूलों का स्वयं आनंद लिया और विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपने बचपन की यादें ताजा कीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन केवल मनोरंजन का साधन नहीं होते, बल्कि समाज में खुशी, आपसी मेलजोल और सामाजिक सौहार्द को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि मेले में उमड़ी भारी भीड़ यह दर्शाती है कि पंजाब सरकार द्वारा किया गया यह प्रयास पूरी तरह सफल साबित हो रहा है।अपने संबोधन के दौरान मंत्री सौंद ने कहा कि देश की आज़ादी से लेकर आज तक खन्ना शहर में कभी भी इतना भव्य, सुव्यवस्थित और विरासत से जुड़ा मेला आयोजित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि यह सब मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिन्होंने पंजाब की सांस्कृतिक धरोहर, लोक परंपराओं और विरासत को सहेजने के लिए ऐसे बड़े प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट मानना है कि जब तक हम अपनी मिट्टी और जड़ों से जुड़े रहेंगे, तब तक हमारी पहचान मजबूत बनी रहेगी।मंत्री सौंद ने मेले की सफलता में खन्ना की एसडीएम स्वाति टिवाना की भूमिका की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वाति टिवाना ने दिन-रात मेहनत कर, पूरी योजना और टीम वर्क के साथ इस मेले को सफल बनाने में अहम योगदान दे रही हैं। उनके नेतृत्व में प्रशासन ने सुरक्षा, सफाई, यातायात और लोगों की सुविधाओं को लेकर शानदार प्रबंध किए हैं, जिसके चलते लोग बिना किसी परेशानी के मेले का आनंद ले पा रहे हैं।मेले में पंजाब की पारंपरिक कला और हस्तशिल्प के स्टॉल, स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन, लोक नृत्य, गिद्दा, भांगड़ा और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बच्चों के लिए झूले और मनोरंजन गतिविधियां भी विशेष आकर्षण हैं। यहां गांवों की मिट्टी की खुशबू, पंजाबी संस्कृति के रंग और परंपराओं की जीवंत झलक साफ दिखाई देती है। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों को भी लोगों का खूब समर्थन मिल रहा है, जिससे महिलाओं की आर्थिक मजबूती को बढ़ावा मिल रहा है।फाजिल्का से विधायक नरिंदरपाल सिंह सवना ने भी मेले की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पंजाब सखी शक्ति मेला केवल खन्ना या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे पंजाब की सांस्कृतिक पहचान को उजागर करने वाला एक बड़ा मंच है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने और अपने विरसे को समझने का अवसर मिलता है। कुल मिलाकर, पंजाब सखी शक्ति मेला 2026 न केवल खन्ना बल्कि पूरे पंजाब के लिए गर्व की बात बन चुका है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी सोच, कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद की सक्रिय भूमिका और प्रशासन की कड़ी मेहनत से यह मेला एक नई मिसाल कायम कर रहा है। लोगों की भारी भागीदारी और उत्साह यह साबित करता है कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सांस्कृतिक जागरूकता और खुशहाली की नई लहर पैदा करते हैं।

# मोहन भागवत बोले- देशहित के लिए तीन बच्चे जरूरी

## नशा रोकने का फार्मूला सुझाया, कहा- पैरेंट्स बच्चों को समय दें

समर न्यूज़ | लुधियाना




राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष में संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत पंजाब प्रवास पर हैं। वो तीन दिन से पंजाब में हैं और अलग-अलग वर्ग के लोगों मिल रहे हैं। संघ प्रमुख ने देश की डेमाग्राफी में हो रहे बदलाव से लेकर नशे के संबंध में पूछे गए सवालों के खुलकर जवाब दिए। संघ प्रमुख ने कहा कि देश हित के लिए तीन बच्चे जरूरी हैं। ऐसा कई शोधों में भी साबित हो चुका है। उन्होंने कहा कि हमारे लोगों के बच्चों की संख्या कम हो रही है और वो बढ़ रहे हैं। जो चिंता का विषय हे। उन्होंने कहा कि तीन बच्चे सर्वोत्तम, दो बच्चे खराब और एक बच्चा पैदा करना बेहद खराब है। वहीं पंजाब में बढ़ते नशे के सवाल पर उन्होंने गहरी चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि बच्चे के नशे के गर्त में जाना या सुसाइड करने के पीछे सबसे बड़ा कारण है उसका अकेलापन। उन्होंने कहा कि बच्चा जब घर से बाहर जाता है और ठोकर खाता है तो उसे यह नहीं पता कि उसने रोना किसके पास है। पैरेंट्स बच्चे को समय नहीं दे रहे जिसकी वजह से वो अकेले में जाकर या तो सुसाइड कर रहा है या फिर वो नशे के गर्त में जा रहा है। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए फार्मूला सुझाया और कहा कि पैरेंट्स अपने बच्चे का दर्द असफलता को सुने और उसे सफल बनने में सहयोग करे। संघ प्रमुख ने हिंदू और सिख धर्म को लेकर एक सवाल के जवाब में कहा है कि हिंदू धर्म नहीं है यह जीवन जीने की पद्धति है। जिसमें यह स्पष्ट है कि सभी लोग अपने अपने हिसाब से अपना जीवन और पूजा पद्धति को अपनाएं। एक दूसरे से वैर भाव न हो यही हिंदू धर्म है। उन्होंने हिंदू शब्द की लंबी व्याख्या की। उन्होंने कहा कि सिख, जैन, बौध सभी की अपनी मान्यताएं हैं और वो सभी अपनी मान्यताओं को मानें यही तो जीवन पद्धति है। संघ प्रमुख ने कहा कि पांच तरीके से आप संघ को जान सकते हैं। पहले संघ से जुड़ें और दायित्व लें। यह न कर सकें तो अपनी रूचि के अनुसार संघ के प्रकल्पों से जुड़ें।



लुधियाना के पंजाब एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी (पीएयू) में 26 फरवरी 2026 को डॉ. एमएस रंधावा मेमोरियल फ्लावर शो का उद्घाटन हुआ। यह दो दिवसीय कार्यक्रम वसंत ऋतु के मौसमी फूलों का शानदार प्रदर्शन प्रस्तुत कर रहा है। फोटो-लक्की भट्टी

# जगराओं पुल पर लगा जाम, वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे




सौरव अरोड़ा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के जगराओं पुल पर एक बार फिर भीषण ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिली। जालंधर बाइपास की ओर से आ रही वाहनों की आवाजाही के कारण पुल पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। वहीं विश्वकर्मा चौक से जगराओं पुल की तरफ आने वाले मार्ग पर भी यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। करीब एक घंटे से जाम प्रभावित रहा। जाम इतना गंभीर था कि वाहनों की कतारें दूर-दूर तक फैल गईं। इस दौरान एक स्कूल बस भी काफी समय तक ट्रैफिक में फंसी रही, जिससे बच्चों और अभिभावकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक गर्मी और देरी के कारण परेशान नजर आए। जगराओं पुल पर आए दिन ट्रैफिक की बड़ी समस्या बनी रहती है। खासकर पीक आवर्स में स्थिति और भी खराब हो जाती है। पुल की संकरी लेन, बढ़ती वाहन संख्या और ट्रैफिक प्रबंधन की कमी के चलते जाम की समस्या लगातार गहराती जा रही है। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिल सके। फोटो कैप्शन : जालंधर बाइपास से जगराओं पुल पर आने वाला ट्रैफिक।

## लुधियाना में बढ़ते अपराध पर सख्ती

अभिषेक जलोटा | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना में बढ़ते क्राइम ग्राफ को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने सख्त रुख अपनाया है। हाल ही में एक कारोबारी पर हुए हमले के बाद कानून-व्यवस्था पर चिंता बढ़ी। विधायक अशोक पराशर पप्पी ने विभिन्न राजनीतिक दलों, पुलिस अधिकारियों और व्यापारिक संगठनों के साथ बैठक की, जिसमें एसीपी समीर वर्मा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने बताया कि पिछले दस वर्षों में नई भर्तियां न होने और बड़ी संख्या में सेवानिवृत्ति के कारण पुलिस बल पर दबाव बढ़ा है। 250 पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है और जल्द थानों में नई तैनाती होगी। एसीपी ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और शहर में पेट्रोलिंग बढ़ाने का भरोसा दिलाया। सरकार ने अपराध पर काबू के लिए कड़े कदम उठाने की बात कही।

# हंबड़ा रोड डेयरी कॉम्प्लेक्स बना गोबर तालाब, 3-4 फीट तक जमा गंदगी, 50 डेयरियां बुरी तरह प्रभावित

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़



लुधियाना के हंबड़ा रोड स्थित डेयरी कॉम्प्लेक्स की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। पिछले एक महीने से गली नंबर 4, 5 और 6 में 3 से 4 फीट तक गोबर और गंदा पानी जमा है, जिससे सड़क लगभग बंद हो गई है और लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है। इस समस्या से करीब 50 डेयरियां सीधे तौर पर प्रभावित हैं, जबकि पूरे इलाके में लगभग 800 डेयरियां संचालित हो रही हैं। डेयरी मालिकों का कहना है कि यह परेशानी लगातार एक महीने से बनी हुई है और अब हालात नर्क जैसे हो गए हैं। पशुओं के लिए चारा लाना भी कठिन हो गया है और गलियों में फैला गोबर उठाना नगर निगम की जिम्मेदारी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। सूत्रों के अनुसार, राज्यसभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल द्वारा डेयरियों का गोबर और गंदा पानी सीधे दरिया में डालने पर रोक लगाई गई है और इसके लिए बांध भी बनाया गया है। पहले जो गोबर दरिया में बह जाता था, वह अब गलियों और सड़कों पर जमा हो रहा है। डेयरी मालिकों ने आरोप लगाया है कि गोबर उठाने वाला ठेकेदार केवल चुनिंदा डेयरियों से ही गोबर उठा रहा है और गलियों में जमा गंदगी को नजरअंदाज कर रहा है। वहीं, नगर निगम का ईटीपी प्लांट भी बंद पड़ा है या अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहा, जिससे समस्या और गंभीर हो गई है। दूसरी ओर, ठेकेदार वरिंदरजीत सिंह ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उनका टेंडर डोर-टू-डोर गोबर उठाने का है, डेयरी के अंदर से नहीं। उनका कहना है कि कई डेयरी मालिक खुद गोबर और गंदा पानी नालियों में बहा रहे हैं और दरिया की ओर जाने वाला रास्ता बंद होने से यह गंदगी गलियों में जमा हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि नगर निगम आदेश देता है तो आपसी सहमति से गलियों की सफाई कर दी जाएगी। अब सवाल यह है कि पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय निवासियों की परेशानियों के बीच संतुलन कैसे बनाया जाएगा और नगर निगम, प्रशासन व डेयरी मालिक मिलकर इस समस्या का स्थायी समाधान कब निकालेंगे।

## लुधियाना में नशा तस्कर की 1.27 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना में पंजाब सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए माछीवाड़ा निवासी जसदेव सिंह उर्फ जस्सा की करीब 1.27 करोड़ रुपये की संपत्ति फ्रीज की गई है। डीएसपी समराला तरलोचन सिंह ने बताया कि एसएसपी डॉ. दर्पण आहलूवालिया के निर्देश पर यह कदम उठाया गया। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत पांच मामले दर्ज हैं। धारा 68एफ(2) के तहत उसका 11.5 मरला का मकान, साढ़े आठ कनाल जमीन और स्कॉर्पियो-एन गाड़ी अटैच कर दिल्ली की फ्रीजिंग अथॉरिटी के जरिए फ्रीज किया गया। पुलिस ने आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

# पायल में 1.05 करोड़ के विकास कार्यों की शुरुआत

समर न्यूज़ | लुधियाना

मनविंदर सिंह ग्यासपुरा, विधायक आम आदमी पार्टी, ने हल्का पायल में करीब 1 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कई परियोजनाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है, जबकि शेष कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएंगे।

विधायक के अनुसार गांव बैगोवाल और बिलासपुर में गलियों-नालियों और सीवरेज व्यवस्था के कार्य शुरू किए गए हैं। कटारी गांव में गलियां, नालियां, सीवरेज सिस्टम तथा वॉलीबॉल ग्राउंड का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कनौटी और घुडाणी कलां के मकसूदड़े में अनुसूचित जाति समुदाय के लिए शमशानघाट का उद्घाटन किया गया है। इन परियोजनाओं से ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी और लंबे समय से लंबित मांगें पूरी होंगी।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशानुसार फरवरी माह के भीतर सभी पेंडिंग विकास कार्य पूरे करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने सरपंचों को संबोधित करते हुए बताया कि मार्च में हलके को 15 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त होगी, जबकि अप्रैल और मई में लगभग 10 करोड़ रुपये अतिरिक्त जारी किए जाएंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की ओर से विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। अंत में विधायक ने आश्वासन दिया कि वर्षों से रुके सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

# सीवरेज कार्य के बाद टूटी सड़क से मिली मुक्ति, ट्रैफिक होगा सुचारू

समर न्यूज़ | लुधियाना

लुधियाना के हल्का उत्तरी के वार्ड-1 में विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा ने लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। यह सड़क करीब 10 वर्षों से जर्जर हालत में थी और पूर्व सरकारों के दौरान इस ओर ध्यान नहीं दिया गया था।

विधायक बग्गा ने बताया कि बाजीगर बस्ती की ओर से जीटी रोड से जुड़ने वाले मार्ग पर ट्रैफिक की समस्या बनी रहती थी। सड़क को पहले सीवरेज कनेक्शन लेने की सुविधा के लिए तोड़कर छोड़ा गया था, जिससे लोगों को असुविधा हो रही थी। अब निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और यातायात सुचारू होगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क की निर्धारित आयु 7 वर्ष है और इसके रखरखाव की जिम्मेदारी आम जनता की भी है। विधायक ने कहा कि शहर में हो रहे विकास कार्यों में जनता का अहम योगदान है, क्योंकि सरकार जनता का पैसा जनता के विकास पर खर्च कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान और लुधियाना की मेयर इंद्रजीत कौर का सहयोग के लिए आभार जताया।

इसके अलावा छावनी मोहल्ले में नीम वाले चौक से दोमोरिया पुल तक सड़क निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। करीब साढ़े 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गली 15 दिनों में तैयार होने की उम्मीद है।

**उद्घघाटन** वज़ीराबाद इंडस्ट्रियल पार्क में कारगिल की दूसरी बड़ी इकाई का उद्घाटन

# डेयरी फीड प्लांट शुरू, औद्योगिक निवेश को नई रफ्तार

मंडी गोबिंदगढ़ | समर न्यूज़






पंजाब सरकार की औद्योगिक विकास और निवेश सुविधा के प्रति दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने इंडस्ट्रियल पार्क, वजीराबाद (मंडी गोबिंदगढ़) में 300 करोड़ की लागत से स्थापित कारगिल प्राइवेट लिमिटेड के नए डेयरी फीड प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में "निवेश पंजाब" पहल से राज्य में बड़े निवेश आ रहे हैं, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं और आर्थिक विकास को गति मिल रही है। मंत्री ने कहा कि बढ़ता निवेशक विश्वास बरकरार है कि पंजाब कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्रों में निवेश के लिए पसंदीदा उद्देश्य बन रहा है। राज्य सरकार प्रगतिशील नीतियों और सुखद औद्योगिक वातावरण के माध्यम से व्यवसाय-अनुकूल पारिस्थितिक तंत्र सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। 15 एकड़ में फैला यह प्लांट 4.5 लाख एचपी टन वार्षिक उत्पादन क्षमता रखता है और दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा डेयरी फीड प्लांट है। बठिंडा के बाद पंजाब में कारगिल की यह दूसरी प्रमुख इकाई है, जो कृषि-औद्योगिक मूल्य श्रृंखला को और बेचेगी।
मंत्री ने कहा कि यह प्लांट डेयरी किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी होगा, क्योंकि उच्च गुणवत्ता वाला पशु आहार स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा। इससे दूध उत्पादन, गुणवत्ता और किसानों की आय में वृद्धि होगी। वैज्ञानिक रूप से विकसित पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादकता में सुधार उपायों तथा पंजाब के डेयरी क्षेत्र को नई महंगाई तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि पंजाब जल्दी ही अन्य राज्यों को दूध आपूर्ति करने वाला अग्रणी राज्य बनेगा।
मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि 13 से 15 मार्च तक मोहाली में आयोजित "प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026" में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय युवाओं की बड़ी भागीदारी होगी। स्थानीय विधायक लखबीर सिंह राय ने कहा कि प्लांट से लगभग 1,000 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस अवसर पर पार्षद डॉ. सोना थिंद सहित कारगिल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## लाखों की ठगी का मामला दर्ज, आरोपी फरार

**राहुल शर्माः** थाना बस्ती जोधेवाल पुलिस ने करीब 53 लाख रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया है। जांच अधिकारी सुखविंदर सिंह के अनुसार, शिकायतकर्ता इंद्रजीत सिंह निवासी आनंदपुरी, नूरवाला रोड ने बताया कि तीन साल पहले उसकी पहचान अभिषेक गुलाटी निवासी हीरानगर, काकोवाल रोड से हुई थी। आरोपी ने कामकाज के बहाने उससे कुल 53 लाख रुपये उधार ले लिए और बाद में पैसे लौटाने में टालमटोल करता रहा। दो साल बीतने के बाद भी रकम वापस न मिलने पर शिकायतकर्ता को ठगी का संदेह हुआ और उसने पुलिस में शिकायत दी। जांच उपरांत पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 173